# उपायुक्त की अध्यक्षता में जनता दरबार आयोजित


## आंगनवाड़ी केंद्र में सेविका चयन प्रक्रिया में अनियमितता से जुड़े मामले में जांच करने का निर्देश




**देवघर ( आससे )।** जिलावासियों के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में भू-अर्जन व मुआवजा भुगतान से संबंधित, झारखण्ड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना, पेंशन, आवास से जुड़े मामलों को उपायुक्त के समक्ष रखा। साथ ही उपायुक्त द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। वहीं जनता दरबार के दौरान राशन कार्ड में नाम जोड़ने, झारखण्ड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना, पेंशन एवं राजस्व से संबंधित मामलों को ऑन स्पॉट निराकरण संबंधित विभाग द्वारा किया गया। इसके अलावा जनता दरबार के दौरान उपायुक्त ने जिले के पालोजोरी प्रखंड अंतर्गत ग्राम-बागदाहा मोहली टोला के ग्रामीणों के आवेदन पर संज्ञान लेते हुए आंगनवाड़ी केंद्र में सेविका चयन प्रक्रिया की जांच का निर्देश उप विकास आयुक्त को दिया, ताकि आंगनवाड़ी केंद्र के सुचारू संचालन और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए किसी स्थानीय और योग्य उम्मीदवार का चयन किया जा सके। आगे सारठ अंचल अंतर्गत केन्दुआटांड़ ग्राम के ग्रामीणों ने स्थानीय भू-माफियाओं द्वारा सरकारी वन भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने से जुड़े मामलें को संज्ञान में लेते हुए वन प्रमंडल पदाधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। आगे जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं के साथ राजस्व, भूमि सुधार और भू-अर्जन से जुड़े मामलों में आम जनता की सहूलियत, लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन और सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। साथ ही इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें, ताकि शिकायतों के निष्पादन की निगरानी की जा सके।

## शांतिपूर्ण माहौल में दुर्गापूजा संपन्न

**देवघर ( आससे )।** सारठ प्रखंड क्षेत्र में दस दिनों तक भक्ति और उत्साह के साथ दुर्गापूजा शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। पूरे आयोजन के दौरान शांति और आपसी सद्भाव का माहौल बना रहा। पूजा के दौरान बेहतर पुलिसिंग और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसडीपीओ मुजीबुर रहमान और सारठ थाना प्रभारी दीपक कुमार साह के



प्रयासों की सराहना की गई। उनके कुशल प्रबंधन से पूजा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। वहीं, रामपुर गांव में मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत के मुखिया की देखरेख में स्थानीय प्रशासन और पूजा समिति के सहयोग से विसर्जन कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करने और क्षेत्र में सुख, शांति एवं समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की।

# उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों और पशुपालकों की सुविधा को लेकर प्रखंडवार संपर्क नंबर जारी

**देवघर ( आससे )।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के निर्देशानुसार, देवघर जिले के सभी प्रखंडों के आमजनों और पशुपालकों की सुविधा के लिए जिला पशुपालन कार्यालय द्वारा पशु चिकित्सा व पशुपालन पदाधिकारियों की सूची और उनके दूरभाष संख्या (संपर्क नंबर) जारी किए गए हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और प्रखंड स्तर पर पशु चिकित्सा सेवाओं को सुलभ बनाना तथा आपातकालीन स्थिति में पशुपालकों को तुरंत सहायता पहुंचाना है। जिला पशुपालन कार्यालय, देवघर डॉ. धनंजय कुमार 7004351971, पशु शल्य चिकित्सक, देवघर डॉ. सुनील तिवारी 8789535947, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन पदाधिकारी, मॉडल पशु चिकित्सालय, देवघर डॉ. मीनू सिंह, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन पदाधिकारी, मॉडल पशु चिकित्सालय, मोहनपुर डॉ. सुरेश कुमार 7250379473, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन पदाधिकारी, प्राथमिक पशु चिकित्सा केन्द्र, घोरमारा डॉ. मुन्नी मुर्मू 7352247363, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन पदाधिकारी, मॉडल पशु चिकित्सालय, देवघर डॉ. मनोज कुमार महन्ता 9798084700, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन पदाधिकारी, प्राथमिक पशु चिकित्सा केन्द्र, हुसैनाबाद, डॉ. संजीव कुमार शर्मा 9431071507, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन पदाधिकारी, प्राथमिक पशु चिकित्सा केन्द्र, मारगोमुंडा डॉ. अशोक कुमार दास 9631830629, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन पदाधिकारी, मॉडल पशु चिकित्सालय, करौं डॉ. अखिलेश्वर मुर्मू, 7631002283, प्रभारी वरीय पशु चिकित्सा एवं पशुपालन पदाधिकारी, मॉडल पशु चिकित्सालय, मधुपुर डॉ. विनय कुमार 9471523864, प्रभारी वरीय पशु चिकित्सा एवं पशुपालन पदाधिकारी, मॉडल पशु चिकित्सालय, सारवां डॉ. उपेन डॉग 9430372206, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन पदाधिकारी, मॉडल पशु चिकित्सालय, पालोजोरी डॉ. ब्रजेश कुमार 9631223603, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन पदाधिकारी, मॉडल पशु चिकित्सालय, मधुपुर डॉ आशा लता मुर्मू 6201947320, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन पदाधिकारी, प्राथमिक पशु चिकित्सा केन्द, सिमरामोड़ डॉ. प्रिया प्रांजल 8709886718, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन पदाधिकारी, प्राथमिक पशु चिकित्सा केन्द्र, जगदीशपुर डॉ. किशोर हांसदा 9939125059, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन पदाधिकारी, मॉडल पशु चिकित्सालय, सारवां डॉ. सुनील टोप्पो 9546197759, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन पदाधिकारी, प्राथमिक पशु चिकित्सा केन्द्र, सोनारायठाढ़ी डॉ. बसंती कुमारी 7856814886, प्रभारी वरीय पशु चिकित्सा एवं पशुपालन पदाधिकारी, मॉडल पशु चिकित्सालय, मोहनपुर डॉ. बेबी प्रभा 9234888292 को प्रतिनियुक्त किया गया है। इसके अलावा आप सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे पशुओं के स्वास्थ्य, टीकाकरण या किसी भी आकस्मिक चिकित्सा आवश्यकता के लिए अपने संबंधित क्षेत्र के अधिकारी से सीधे संपर्क कर सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ उठाएं।

## तीर्थपुरोहित महासभा के पदाधिकारियों ने चंद्रशेखर खवाड़े को दी बधाई

**देवघर ( आससे )।** अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के युवा संगठन में बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर के तीर्थ पुरोहित एवं पंडा धर्मरक्षिणी सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चन्द्रशेखर खवाड़े को राष्ट्रीय महासचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपे जाने पर देवघर के तीर्थ पुरोहित समाज में हर्ष का माहौल है। उनकी इस नियुक्ति को बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर तथा स्थानीय तीर्थ पुरोहित समाज के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। चन्द्रशेखर खवाड़े लंबे समय से धार्मिक परंपराओं के संरक्षण, तीर्थ पुरोहित समाज के हितों तथा संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। राष्ट्रीय महासचिव के रूप में उनकी जिम्मेदारी होगी कि वे देश के विभिन्न तीर्थस्थलों के तीर्थ पुरोहितों के बीच समन्वय स्थापित करें, युवा पीढ़ी को संगठन से जोड़ें तथा समाज की समस्याओं एवं मांगों को राष्ट्रीय मंच पर प्रभावी ढंग से उठाएं। उनकी नियुक्ति पर अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के वरिष्ठ संरक्षक श्री दुर्लभ मिश्र, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री विनोद दत्त द्वारी, संगठन मंत्री श्री पन्नालाल मिश्र, खीरा लाल शृंगारी, जयकृष्ण झा, मोहन ठाकुर, राजकुमार मिश्र झलकु, विजय झा, सागर सरेवार, बबलू राज जजवाड़े, बाबू सोना शृंगारी, गोपाल तिवारी, नागेश बलियासे सहित दर्जनों पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## वर्गीकृत

### नाम परिवर्तन

मैं, **सुजाता कुमारी,** पिता- Nawal Kishor Singh, पता- क्वार्टर संख्या- 16, SNCA रेलवे कॉलोनी, किशनगंज, बिहार की निवासी हूँ। मेरे 10वीं के प्रमाण-पत्र एवं 12वीं की मार्क शीट में मेरे पिता का नाम NAWAL KISHORE SINGH दर्ज है जो की गलत है। सही नाम 'NAWAL KISHOR SINGH' पिता- राम एकवाल सिंह है एवं मेरे आधार एवं पैन कार्ड में दर्ज है। ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। शपथ-पत्र संख्या 3025 / 18.03.2026

### शपथ पत्र

मैं, बिनोद कुमार, पिता-महादेव साह, ग्राम-रेडिया, डाकघर एवं पुलिस थाना-बिक्रमगंज, जिला रोहतास, बिहार, शपथ पत्र संख्या-21035, दिनांक 13.10.2026 के अनुसार यह घोषणा करता हूं कि मेरे आधार कार्ड संख्या 381552374994 में मेरा सही नाम बिनोद कुमार दर्ज है, जबकि मेरी पुत्री सलोनी कुमारी के आधार कार्ड 586446077422 में पिता का सही नाम बिनोद कुमार दर्ज है। लेकिन उसके CBSE बोर्ड की उत्तीर्ण मैट्रिक सहित सभी शैक्षिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम बिनोद गुप्ता दर्ज है, जो कि गलत है। अत: मैं शपथ पत्र से घोषणा करता हूं कि मेरी पुत्री के सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र में पिता का नाम बिनोद कुमार दर्ज करने की कृपा करें, जो सही और सत्य है।

9/482/26

### Affidavit

I, Ehteshamul Haque Hashmi, aged about 55 years, son of Late Syed Anwarul Haque, resident of vill.+P.O.+P.S.-Daudpur, District-Saran, Bihar-841205, Aadhar No.-559830410485 do hereby solemnly affirm and declare as follows :- 1. That Safa Hashmi is my daughter. 2. That in her Aadhar card her name has been wrongly mentioned as SAF A ENTESHAM. 3. That my daughter correct name is Safa Hashmi. 4. That now my daughter will known as Safa Hashmi for all purposes.vide aff. No.-5466 dated 23.10.26

CM-935

SAVE
सेव हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः यूनिट नं. 761, 7वीं मंजिल, वेगास मॉल, प्लॉट नं. 6, सेक्टर-14, द्वारका, दक्षिण-पश्चिम दिल्ली-110075, CIN: U65100DL2011PLC214079; ईमेल आईडी: cs@saveind.in
शाखा स्थानांतरित करने हेतु विज्ञापन
एतद्वारा सूचित किया जाता है कि मेसर्स सेव हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (जिसे आगे "कंपनी" कहा जाएगा), जो कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अंतर्गत निगमित है तथा राष्ट्रीय आवास बैंक ("NHB") में आवास वित्त कंपनी के रूप में पंजीकरण प्रमाणपत्र संख्या DOR-00098 दिनांक 04 जुलाई, 2023 के माध्यम से पंजीकृत है, अपनी शाखा, जो सेव हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, श्रीमती शकुंतला देवी, पत्नी श्री ललित प्रसाद, लक्ष्मी निवास, दूसरी मंजिल, क्लब रोड, रामना डाकघर के सामने, पानी टंकी चौक, मुजफ्फरपुर, बिहार-842001 में स्थित है, को 24 जनवरी, 2027 से स्थानांतरित करना चाहती है। एतद्वारा सूचित किया जाता है कि हमारी वर्तमान शाखा से संबंधित सभी पत्राचार एवं परिचालन अब निम्नलिखित पते पर स्थित हमारी नई शाखा द्वारा संभाले जाएंगे: सेव हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, सविता कुमारी, केयर ऑफ स्वर्गीय नलिन रंजन, एनएच-28, आर.के. टॉवर के सामने, बीबीगंज, भरमपुरा रोड, मुजफ्फरपुर, बिहार। सभी खाते एवं संबंधित अभिलेख तदनुसार स्थानांतरित कर दिए जाएंगे।
किसी भी प्रश्न या समस्या के लिए, ग्राहक निम्नलिखित ईमेल पर लिख सकते हैं: • cs@saveind.in
कृते सेव हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
हस्ता./-
अजीत कुमार सिंह
निदेशक
स्थानः मुजफ्फरपुर, बिहार
दिनांकः 24.10.2026
DIN: 01857072

### पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

**प्रबंधक**

# जागरूकता, टीकाकरण और स्वस्थ भविष्य का संदेश

**देवघर ( आससे )।** विश्व पोलियो दिवस प्रत्येक वर्ष 24 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य पोलियो जैसी गंभीर संक्रामक बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करना, बच्चों के नियमित टीकाकरण को प्रोत्साहित करना तथा विश्व को पोलियो मुक्त बनाने के अभियान को मजबूत करना है। मौके पर स्थानीय साइंस एंड मैथमेटिक्स डेवलपमेंट आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय सचिव डॉ. प्रदीप कुमार सिंह देव ने कहा पोलियो उन्मूलन के लिए विश्वभर में किए जा रहे प्रयासों की याद दिलाने वाला यह दिवस मानवता की सामूहिक इच्छाशक्ति, वैज्ञानिक प्रगति और जनभागीदारी का प्रतीक है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि प्रत्येक बच्चे को स्वस्थ जीवन जीने का अधिकार है और इस अधिकार की रक्षा करना समाज की साझा जिम्मेदारी है। पोलियो, जिसे पोलियोमाइलाइटिस भी कहा जाता है, एक संक्रामक बीमारी है। यह पोलियोवायरस के कारण होती है, जो मुख्य रूप से दूषित पानी, भोजन तथा संक्रमित व्यक्ति के मल के संपर्क से फैल सकता है। यह वायरस शरीर में प्रवेश करके तंत्रिका तंत्र को प्रभावित कर सकता है। गंभीर स्थिति में यह मांसपेशियों को नियंत्रित करने वाली नसों को नुकसान पहुँचाता है, जिससे शरीर के किसी अंग में लकवा हो सकता है। विशेष रूप से पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चे इस बीमारी के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। पोलियो का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इसके कारण होने वाला लकवा स्थायी हो सकता है। कुछ गंभीर मामलों में श्वसन संबंधी मांसपेशियाँ प्रभावित होने से जीवन को भी खतरा हो सकता है। इस बीमारी का कोई विशिष्ट इलाज नहीं है, लेकिन सुरक्षित और प्रभावी टीकाकरण के माध्यम से इससे बचाव संभव है। इसलिए पोलियो के विरुद्ध सबसे बड़ा हथियार जागरूकता और समय पर टीकाकरण है।

विश्व पोलियो दिवस की शुरुआत पोलियो उन्मूलन के प्रयासों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की गई थी। यह दिवस जोनास साल्क के जन्मदिवस के अवसर पर मनाया जाता है, जिन्होंने पोलियो के विरुद्ध प्रभावी टीका विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके वैज्ञानिक प्रयासों ने लाखों बच्चों को इस बीमारी से बचाने की दिशा में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ, रोटरी इंटरनेशनल तथा अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थाएँ पोलियो उन्मूलन अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं। इनके प्रयासों से विश्व के अधिकांश देशों में पोलियो के मामलों में भारी कमी आई है। फिर भी जब तक दुनिया के किसी भी हिस्से में जंगली पोलियोवायरस का प्रसार जारी रहता है, तब तक अन्य क्षेत्रों में भी संक्रमण का खतरा बना रहता है। इसलिए वैश्विक स्तर पर निरंतर सतर्कता आवश्यक है। भारत ने पोलियो उन्मूलन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। एक समय ऐसा था, जब देश में बड़ी संख्या में बच्चे पोलियो से प्रभावित होते थे। सरकार, स्वास्थ्यकर्मियों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवकों और आम नागरिकों के सामूहिक प्रयासों से इस चुनौती का सामना किया गया। भारत में पल्स पोलियो अभियान ने इस दिशा में ऐतिहासिक योगदान दिया। इस अभियान के अंतर्गत पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। गाँवों, शहरों, रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों तथा दूरदराज के क्षेत्रों में टीकाकरण केंद्र स्थापित किए गए। स्वास्थ्यकर्मियों ने घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का कार्य किया। भारत में जंगली पोलियोवायरस से होने वाले संक्रमण का अंतिम मामला जनवरी 2011 में सामने आया था। इसके बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्रीय प्रमाणन आयोग ने 27 मार्च 2014 को भारत सहित पूरे क्षेत्र को पोलियो मुक्त प्रमाणित किया। यह उपलब्धि देश के लिए गर्व का विषय है। हालाँकि, पोलियो मुक्त स्थिति बनाए रखने के लिए नियमित टीकाकरण और निगरानी आज भी आवश्यक हैं। पोलियो से बचाव के लिए बच्चों को निर्धारित राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के अनुसार पोलियो की सभी आवश्यक खुराक दिलाना जरूरी है। मौखिक पोलियो वैक्सीन (ओपीवी) और निष्क्रिय पोलियो वैक्सीन (आईपीवी) बीमारी से सुरक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों का टीकाकरण समय पर करवाएँ और स्वास्थ्यकर्मियों की सलाह का पालन करें। इसके अतिरिक्त, स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई, शौचालय का उपयोग, हाथ धोने की आदत और सुरक्षित भोजन संक्रमण के प्रसार को कम करने में सहायक हैं।




हालाँकि, केवल स्वच्छता से पोलियो से पूर्ण सुरक्षा नहीं मिलती; इसके लिए टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। पोलियो उन्मूलन केवल सरकार या स्वास्थ्य विभाग का कार्य नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज की जिम्मेदारी है। अभिभावकों, शिक्षकों, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और स्वयंसेवी संस्थाओं को इस अभियान में सक्रिय योगदान देना चाहिए। विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम, निबंध प्रतियोगिताएँ, पोस्टर निर्माण, रैलियाँ और जनसंवाद आयोजित करके लोगों को टीकाकरण का महत्व समझाया जा सकता है। समाज में फैली भ्रांतियों और अफवाहों को दूर करना भी आवश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति को यह समझना चाहिए कि टीकाकरण बच्चों के स्वस्थ भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। किसी भी बच्चे को जानकारी के अभाव, आर्थिक कठिनाई या सामाजिक उपेक्षा के कारण टीकाकरण से वंचित नहीं रहना चाहिए। विश्व पोलियो दिवस हमें संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम आने वाली पीढ़ियों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। भारत ने पोलियो उन्मूलन की दिशा में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है, लेकिन इस उपलब्धि को बनाए रखने के लिए सतर्कता और टीकाकरण अभियान जारी रखना जरूरी है। आइए, हम सब मिलकर यह संदेश जन-जन तक पहुँचाएँ—हर बच्चा टीकाकृत, हर परिवार जागरूक और पूरा विश्व पोलियो मुक्त। स्वस्थ बच्चे ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव हैं। पोलियो मुक्त विश्व का सपना तभी साकार होगा, जब सरकार, समाज और प्रत्येक नागरिक मिलकर अपनी जिम्मेदारी निभाएँगे।

# आसनसोल मंडल ने किया 'रेल जन संवाद' का आयोजन

**देवघर ( आससे )।** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल द्वारा जन संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर 'रेल जन संवाद' एवं यात्री जागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य रेल अधिकारियों एवं यात्रियों के बीच प्रत्यक्ष संवाद को सुदृढ़ करना, यात्रियों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं को समझना तथा रेल सेवाओं एवं यात्री सुख-सुविधाओं में सुधार हेतु महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त करना था। आसनसोल रेलवे स्टेशन पर आसनसोल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री संग्रह मौर्य ने यात्रियों एवं स्कूली विद्यार्थियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने यात्रियों के यात्रा संबंधी अनुभवों की जानकारी प्राप्त की तथा रेल सुविधाओं एवं सेवाओं में सुधार के लिए सुझाव आमंत्रित किए। इसी क्रम में दुर्गापुर रेलवे स्टेशन पर आसनसोल मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री देबब्रत चटर्जी ने भी यात्रियों से संवाद कर रेलगाड़ी सेवाओं, स्टेशन सुविधाओं, यात्री सुख-सुविधाओं तथा रेल सेवाओं के अन्य पहलुओं के संबंध में उनकी राय एवं सुझाव प्राप्त किए। 'रेल जन संवाद' कार्यक्रम पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी रेलवे स्टेशनों पर आयोजित किया गया। इनमें रानीगंज, कालिपहाड़ी, दुर्गापुर, वारिया, राजबांध, बराकर, छोटा अंबोना, कुमारडुबी, थापरनगर, मुगमा, कालूबथान, सिउड़ी, पांडवेश्वर, उखड़ा, जसीडीह जंक्शन, बैद्यनाथधाम, महेशमुंडा, गिरिडीह, मधुपुर जंक्शन, संकरपुर, सिमुलतला, अंडाल जंक्शन एवं देवघर शामिल हैं। सभी सहभागी रेलवे स्टेशनों पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित अग्रिम पंक्ति के रेलकर्मियों ने यात्रियों से प्रत्यक्ष संवाद किया तथा रेलगाड़ी सेवाओं, टिकटिंग सुविधाओं, यात्री सुख-सुविधाओं, स्टेशन सुविधाओं एवं रेल सेवाओं के अन्य पहलुओं से संबंधित सुझाव प्राप्त किए। इन संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से यात्रियों को अपने यात्रा अनुभव साझा करने, अपनी समस्याएँ रखने तथा रचनात्मक सुझाव देने का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों तथा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्यों ने भी भाग लिया। उनकी सहभागिता से युवाओं को अपने विचार व्यक्त करने तथा यात्रियों की यात्रा को अधिक सुविधाजनक बनाने हेतु सुझाव देने के लिए प्रोत्साहन मिला। इस कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन विभाग, वाणिज्य विभाग, परिचालन विभाग, रेलवे सुरक्षा बल तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने समन्वित रूप से कार्य किया। पूर्व रेलवे का आसनसोल मंडल यात्रियों से अपील करता है कि वे ऐसे संवाद कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लें तथा रेल अधिकारियों के साथ अपने विचार एवं सुझाव साझा करें। यात्रियों से प्राप्त सुझाव सुधार के संभावित क्षेत्रों की पहचान करने तथा यात्री सुख-सुविधाओं एवं समग्र यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



### Name Change

I, Rina Devi W/o Ajit Kumar Singh R/o Road No.-7A, Q. No.-5A, Indrapuri, P.O.-Keshrinagar P.S.-Patliputra, Patna-800024 (Bihar) vide Affidavit No.-12367 dated 12.10.2026 declare that my name is wrongly mentioned in my Aadhar No.-861155874234 as Reena Devi. That my correct name is Rina Devi which is mention in my Husband's service record and Pension book. From now I will be known as Rina Devi for all purposes.

CM-927

### शपथ-पत्र

मैं मुखदेव राय उर्फ भुखदेव राय पिता काली राय उर्फ कल्यानचन्द्र राय ग्राम-गांग सरगटी पो.-साधपुर जिला-सारण का स्थायी निवासी हूं, शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मेरे नाम से एलआईसी में एक पॉलिसी है जिसका पॉलिसी सं. 535427618 है जिसमें मेरा नाम मुखदेव राय पिता का नाम काली राय दर्ज हैं। जबकि मेरा आधार सं.-**** 5580 एवं बैंक खाता मे मेरा नाम भुखदेव राय तथा पिता का नाम कल्यानचन्द्र राय दर्ज हैं। मैं तथा मेरे पिता उपरोक्त दोनों नामों से जाने व पहचाने जाते हैं। 31236/15-10-26

9/509/26

### शपथ-पत्र

मैं, रुस्तम अली, पिता स्व. लाल मोहम्मद, निवासी रामलीला मठिया, पो.वो थाना भगवान बाजार, जिला- सारण, बिहार-841301, शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरी नाबालिग पुत्री के आधार संख्या 7933 4077 8559 मे उसका नाम अफसा अली (AFSA ALI) एवं जन्मतिथि 22.02.2010 दर्ज है, जो गलत हैं मेरी पुत्री का सही नाम अक्सा अली (AQSA ALI) एवं सही जन्मतिथि 22.02.2012 है। अत: मेरी नाबालिग पुत्री को भविष्य में अक्सा अली (AQSA ALI) के नाम से जाना जाएगा तथा उसकी सही जन्मतिथि 22.02.2012 होगी। शपथ-पत्र संख्या-30649, दिनांक-07.10.2026

9/509/26

### नाम परिवर्तन

मैं, रीना देवी (Rina Devi) पति श्री अजित कुमार सिंह पता- रोड नं.-7ए, Q. No.-5A, इन्द्रपुरी पो.-केशरीनगर, थाना-पाटलीपुत्रा पटना (बिहार)-800024 द्वारा घोषणा करती हूं कि मेरे पति अजित कुमार सिंह के सर्विस रेकार्ड एवं पेंशन बुक में मेरा सही नाम रीना देवी (Rina Devi) अंकित है। परन्तु मेरे आधार सं. 861155874234 में हिन्दी अक्षर में रीना देवी एवं अंग्रेजी शब्द में Reena Devi अंकित हो गया है। शपथ पत्र सं.-12367 दिनांक 12.10.26 के आलोक में मैं रीना देवी (Rina Devi) के नाम से ही जानी व पहचानी जाऊंगी, जो सभी कार्य में मान्य होगा।

रसीद सं. 927

## मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन समारोह में सरदाहा कपसिया मोड़ पहुंचे विधायक सुरेश पासवान

**देवघर ( आससे )।** सरदाहा कपसिया मोड, देवघर स्थित सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित मां दुर्गा की दस दिनों तक विधि विधान, मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना की गई। पूरे दस दिनों तक पूजा अर्चना करने के बाद प्रतिमा विसर्जन समारोह का विधि विधान पूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम में देवघर के विधायक सुरेश पासवान सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के पंडाल पहुंच कर सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के आयोजकगण एवं ग्रामीण लोगों के भावुक मन और हौसले को उत्साहित किया। उन्होंने प्रतिमा विसर्जन के दौरान उपस्थित लोगों से कहा कि माँ दुर्गा लगातार दस दिनों तक



हम सभी के साथ रही और उन्नति, प्रगति, समृद्धि, यशस्वी होने का भरपूर आशीर्वाद न्योछावर करती रही तभी तो हम सभी का उत्साहित मन मां दुर्गा की पूजा अर्चना में लगातार ध्यान केंद्रित किए हुए पूजा अर्चना की। विदाई या विसर्जन करते हुए सभी का मन भावुक होता है परन्तु विधि विधान के अनुसार हर परंपरा का पालन और निर्वहन करना आवश्यक है। हम सभी मां दुर्गा से पुन: ढेर सारी खुशियाँ लेकर आने की प्रार्थना करते हुए खुशी खुशी विदाई दें। उन्होंने मां दुर्गा से सभी देवघर वासियों के सुखमय भविष्य की कामना की। समिति द्वारा प्रसाद वितरण किया गया और मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। देवघर विधायक ने पूजा अर्चना के सफल आयोजन के लिए सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मां दुर्गा से सभी पर अपनी कृपा बनाये रखने की प्रार्थना की।

# नम आंखों से मां दुर्गा को दी गयी विदाई

**देवघर ( आससे )।** दस दिनों तक भक्ति, आस्था और आराधना में डूबे रहने के बाद दशहरा पूजा के दसवें दिन भोजपुर में दुर्गा पूजा समिति भोजपुर द्वारा मां दुर्गा को नम आंखों से भावभीनी विदाई दी गई। दस स्वरूपों की पूजा-अर्चना के उपरांत एकादशी तिथि गुरुवार को भोजपुर दुर्गा पूजा समिति मैदान में भव्य मेला का आयोजन किया गया। आसपास के गांवों के हजारों श्रद्धालुओं जिनमें महिला, बच्चे, बूढ़े शामिल थे मेला घूमने गए, मेला में जमकर चाट, गुपचुप, चाउमीन सहित लज़ीज़ व्यंजन का लुत्फ उठाए व बच्चों ने झूला, जंपिंग पैड का आनंद उठाया। अंत में जब कांधे पर उठा कर मां की प्रतिमा विसर्जन के लिए निकाली गई तो पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। मां के दर्शन और अंतिम विदाई के दौरान श्रद्धालुओं की आंखें नम दिखीं, वहीं जय माता दी के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। इस दौरान मंदिर के युवा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा और उत्साह के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जन के लिए रवाना किया। दस दिनों तक चले पूजा-अनुष्ठान के समापन पर श्रद्धालुओं ने मां




से सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मां की विदाई के साथ ही दुर्गापूजा की रौनक भले ही थम गई, लेकिन भक्तों के मन में माता रानी के प्रति अटूट आस्था और अगले वर्ष उनके आगमन की प्रतीक्षा बनी रही। मां दुर्गा की विदाई का यह भावुक पल श्रद्धा, परंपरा और भक्ति का ऐसा संगम बना, जिसमें हर भक्त की आंखें नम थीं और हृदय मां के जयकारों से भरा था। मौके पर अध्यक्ष हरेराम सिन्हा, उपाध्यक्ष संतोष शर्मा, सचिव पंकज शर्मा, कोषाध्यक्ष मंटू राउत, संरक्षक उमेश शर्मा, अनिल शर्मा, सुफल शर्मा, ऐतवारी रमानी सहित बड़ी संख्या में सदस्य मौके पर मुस्तैदी से डटे रहे.

## 21 लाभुकों का बना आयुष्मान कार्ड

**कौआकोल ( नवादा )( संसू )।** सरकार के निर्देश पर गुरुवार को विकास शिविर के तहत प्रखंड के सेखोदेवरा पंचायत में दो स्थानों पर शिविर आयोजित कर 21 लाभुकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। शिविर का आयोजन नवसृजित प्राथमिक विद्यालय बिरला मोड़, तथा बिरहोर टांड़ में किया गया। इस दरम्यान बिरहोर टांड़ में आठ तथा सेखोदेवरा बिड़ला मोड़ में 13 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

## सड़क दुर्घटना में घायलों को मिलेगा डेढ़ लाख रुपये का कैशलेस उपचार, जिले के 7 निजी अस्पताल सूचीबद्ध

**नवादा।** सिविल सर्जन कार्यालय, नवादा में आयोजित सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों की बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी, नवादा रंजीत कुमार ने प्रधानमंत्री राहत योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को कैशलेस उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मोटर वाहन से हुई सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को योजना के तहत सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में दुर्घटना की तिथि से सात दिनों की अवधि तक अधिकतम डेढ़ लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए घायल व्यक्ति को अग्रिम भुगतान करने की आवश्यकता नहीं होगी। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि जिले के सभी सरकारी अस्पतालों के साथ-साथ सात सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में भी घायलों के उपचार की सुविधा उपलब्ध है। योजना का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि आर्थिक अभाव के कारण किसी भी घायल व्यक्ति के उपचार में देरी न हो। सड़क दुर्घटना होने पर तत्काल 112 नंबर पर सूचना देकर घायल व्यक्ति को नजदीकी सूचीबद्ध अस्पताल पहुंचाना होगा। अस्पताल में घायल को भर्ती कर तत्काल उपचार शुरू किया जाएगा तथा टीएमएस 2.0 पोर्टल पर ट्रीटमेंट आईडी बनाई जाएगी। दुर्घटना से संबंधित जानकारी पुलिस के ई-डीएआर सिस्टम को भी भेजी जाएगी। इसके बाद पुलिस अधिकारी दुर्घटना, दुर्घटना में मोटर वाहन की संलिप्तता तथा पीड़ित की पहचान का सत्यापन करेंगे। निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद योजना के तहत कैशलेस उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।